गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 कमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
दूरभाष : 07752–260003,260000

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
(A Central University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009)
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
PH No. 07752-260003,260000

कमांकः 698 /परीक्षा/दीक्षांत/ 2023 बिलासपुर, दिनांक 01/03/2023

प्रति,

सर्व संबंधित छात्र/छात्रायें
(शोधार्थीगण/पदक प्राप्तकर्ता )

विशयः–गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दशम् दीक्षांत समारोह बुधवार दिनांक 15/03/2023 के संबंध में तथा पूर्वाभ्यास दिनांक 14/03/2023 एवं समारोह की पूर्व तैयारियों की जानकारी ।

विश्वविद्यालय का दशम् दीक्षांत समारोह दिनांक 15/03/2023 दिन– बुधवार को प्रातः 10.00 बजे विश्वविद्यालय परिसर के रजत जयंती सभागार में आयोजित है । इसी अनुक्रम में समस्त संबंधित उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता कृपया अवगत हों कि दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास दिनांक 14/03/2023 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से किया जाना है । अतः उक्त निर्धारित तिथि एवं समय में आप सादर आमंत्रित हैं। दीक्षांत समारोह से संबंधित संक्षिप्त जानकारी एवं निर्देश निम्नानुसार हैंः–

1. शोधार्थी/पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राए दिनांक 15/03/2023 को प्रातः 8.00 बजे दीक्षांत वेशभूषा में अनिवार्यतः विश्वविद्यालय परिसर के समारोह स्थल में अपनी उपस्थिति देंगे तथा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की पुष्टि करेंगे ।

2. दिनांक 14/03/2023 को दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास के पश्चात् अपरान्ह 02.00 बजे से शोधार्थी एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को प्रशासनिक भवन में स्थित परीक्षा विभाग की पंजी में दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की पुष्टि एवं वेश–भूषा सामग्री सही स्थिति में प्राप्ति की पुष्टि करते हुए हस्ताक्षर करेंगे । दीक्षांत समारोह के अभ्यास में अपने सामान्य वेश–भूषा में भाग लेंगे ।

3. दीक्षांत समारोह के दिन दीक्षांत वेशभूषा धारण करने हेतु निम्नानुसार व्यवस्था की गई हैः–

   1. छात्राओं के लिए – प्रशासनिक भवन के लघु सभागार (प्रथम तल)
   2. छात्रों के लिए – प्रशासनिक भवन के प्रथम तल (उत्तर की ओर)

4. परीक्षा विभाग के संबंधित कर्मचारी समारोह में सम्मिलित होने वाले शोध उपाधि प्राप्तकर्ताओं एवं पदक प्राप्तकर्ताओं की पृथक–पृथक उपस्थिति पंजी तैयार कर रखेंगे । उपस्थिति पंजी में छात्र/छात्राओं के नाम अध्ययन शालावार उसी तरह से तथा उसी कम से अंकित करेंगे जिस कम में उनका नाम दीक्षांत समारोह की पुस्तिका में अंकित है । छात्र/छात्राओं की समारोह स्थल पर आसन व्यवस्था भी दीक्षांत समारोह की पुस्तिका में अंकित कमानुसार होगी । पदक एवं उपाधियॉ भी इसी कम में रखी जायेगी तथा समारोह में वितरण भी इसी कम में होगा ।

5. शोधार्थियों एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं की आसन व्यवस्था अध्ययन शालावार रखी जायेगी ।

6. प्रत्येक शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रा अपना दीक्षांत वेशभूषा प्राप्त किये जाने हेतु रूपये 300/– (तीन सौ रूपये मात्र) राशि (वापसी अयोग्य/**Non-Refundable** ) तथा शोध छात्रों को इसके अतिरिक्त रूपये 300.00 उपाधि शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय में जमा करना होगा, शुल्क केवल ए.टी.एम. (A.T.M.) कार्ड के माध्यम से स्वाईप कराकर अथवा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम

से जमा करना होगा। दीक्षांत समारोह के समापन उपरांत छात्र/छात्राऐं वेशभूषा को धरोहर के रूप में अपने साथ ले जायेंगे। नगद राशि स्वीकार नही किये जायेंगे।

जिन शोध उपाधि प्राप्तकर्ता अभ्यर्थियों ने पूर्व में शुल्क एवं आवेदन जमा कर दिए हैं उन्हें पुनः शुल्क एवं आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है । जिन छात्र/छात्राओं ने स्वर्णमंडित पदक प्राप्तकर्ता का प्रमाणीकरण आवेदन नही दिया है। वे कृपया यथाशीघ्र दिनांक 07/03/2023 तक परीक्षा विभाग के अंतर्गत उपाधि प्रकोष्ठ में अपना आवेदन अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।

दीक्षांत वेशभूषा का वितरण दिनांक 09/03/2023 से दिनांक 13/03/2023 तक कार्यालयीन समय में परीक्षा विभाग के उपाधि कक्ष के काउन्टर से किया जायेगा । इन्हीं तिथियों में शोध उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें अपने स्वयं के तथा अपने अभिभावकों के पहचान पत्र परीक्षा विभाग से प्राप्त करेंगे । सुरक्षा कारणों से अभिभावकों के पहचान पत्र हेतु संबंधित छात्र/छात्रायें परीक्षा विभाग में अपने एक अभिभावक के 02 नग पासपोर्ट साईज का छायाचित्र जमा करेंगे ।

7. समारोह दिवस दिनांक 15/03/2023 दिन– बुधवार को प्रातः 8.00 बजे समस्त आमंत्रित शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें दीक्षांत वेशभूषा धारण कर समारोह स्थल रजत जयंती सभागार में अनिवार्यतः अपना स्थान ग्रहण करेंगे । कृपया समय का विशेष ध्यान रखा जावे, क्योंकि समारोह के प्रारंभ होने से 01 घंटे पूर्व समस्त आमंत्रित शोधार्थियों एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को उनकी आसन व्यवस्था एवं दीक्षांत समारोह के संबंध में पुनः विस्तार से निर्देशित किया जायेगा ।

8. शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये परिचय पत्र को अपनी पहचान की पुष्टि हेतु साथ में लाना अनिवार्य होगा । शोधार्थी/पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें अपने दो अभिभावक के साथ समारोह में उपस्थित हो सकते हैं, उनके छायाचित्र चस्पा किये गये परिचय पत्र साथ में लाना अनिवार्य होगा । यदि किसी कारणवश अभिभावकगण को पहचान पत्र प्राप्त नहीं होता है तो वे समारोह तिथि से एक दिन पूर्व तक विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में उपस्थिति होकर उप कुलसचिव, परीक्षा के हस्ताक्षर से जारी पहचान पत्र प्राप्त कर सकेंगे ।

9. आमंत्रित छात्र/छात्रायें एवं उनके अभिभावकगण अपने साथ किसी प्रकार की सामग्री/सूटकेस/बैग इत्यादि लेकर न आयें, अपवाद स्वरूप बाहर से आने वाले छात्र/छात्रा/अभिभावकगण यदि किसी प्रकार के सामग्री/बैग/सूटकेस इत्यादि लेकर आते है तो सामान को स्वयं की जिम्मेदारी पर प्रशासनिक भवन में रखने की व्यवस्था की गई है ।

10. शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक जो गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के अंर्तराष्ट्रीय अतिथि गृह में दीक्षांत समारोह की अवधि में रूकना चाहते है तो अतिथि गृह प्रभारी –डॉ.संतोष प्रजापति के मोबाईल नंबर 9479168632 एवं ई.मेल आईडी–**sntshprjpt@gmail.com** में पूर्व में ही सूचित/संपर्क कर कमरा बुक करा सकते है।

11. दीक्षांत समारोह से संबंधित किसी भी जानकारी के लिये निम्न से सम्पर्क किया जा सकता है:

**(1)** डॉ0सम्पूर्णानंद झा, उप–कुलसचिव (परीक्षा) – मो. नं.–7587708454

**(2)** श्री टी0पी0 सिंह, सहा0 कुलसचिव (अकादमिक)– मोबाईल नं.– 9424169003

**(3)** श्री विपिनचन्द्र बंसियार, अनुभाग अधिकारी, गोपनीय मोबाईल नं.– 9425202867

समस्त संबंधित शोध उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता एवं उनके अभिभावक दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है ।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक

28/02/23

क्रमशः–3

...2.

पृ.कमांकः 699/परीक्षा/दीक्षांत/ 2023 बिलासपुर, दिनांक 01/03/2023

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के निज सचिव, की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सहायक, की ओर कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. परीक्षा नियंत्रक, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय को सूचनार्थ ।
4. सभी अध्ययन शालाओं के अधिष्ठाता की ओर सूचनार्थ ।
5. विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों की ओर इस आशय के साथ की उनके विभाग के स्वर्ण मंडित पदक धारक एवं शोधार्थीयों को उक्त सूचना से अवगत कराये जाने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
6. विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रभारी, वि.वि. वेबसाईट (परीक्षा विभाग) वेबपटल पर जारी करने हेतु प्रेषित / गु.घा. विश्वविद्यालय अंर्तराष्ट्रीय अतिथि गृह प्रभारी –डॉ,संतोष प्रजापति की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. प्रभारी बैठक प्रकोष्ठ की ओर सूचनार्थ ।
9. मीडिया प्रभारी की ओर समाचार पत्रों में प्रकाशन की व्यवस्था हेतु प्रेषित।

उप कुलसचिव (परीक्षा)